दिनांक: 26.09.2024

**प्रेस प्रकाशनी**

**सीबीएसई द्वारा सरदार पटेल विद्यालय, नई दिल्ली में "छात्रों के समग्र स्वास्थ्य के लिए पालन-पोषण/परवरिश' विषय पर प्राचार्यों हेतु कार्यशाला आयोजित की गई**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने आज नई दिल्ली के सरदार पटेल विद्यालय में "छात्रों के समग्र स्वास्थ्य के लिए पेरेंटिंग" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य दिल्ली/एनसीआर के सीबीएसई स्कूलों के लगभग 150 प्राचार्यों को विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को समर्थन देने वाली प्रभावी रणनीतियों से सज्जित करना था।

इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कार्यक्रम से हुई, जिसके बाद विद्यालय के गायक-वृन्द द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। अपने उद्घाटन भाषण में श्री हिमांशु गुप्ता, सचिव, सीबीएसई, ने छात्रों के समग्र स्वास्थ्य को संवर्धित करने में सबके सहयोग की महत्ता को रेखांकित किया। श्री राहुल सिंह, अध्यक्ष, सीबीएसई, ने माता-पिता के समक्ष आने वाली नित-नई चुनौतियों के साथ-साथ परिवारों को मार्गदर्शन देने में स्कूलों की सक्रिय भूमिका की आवश्यकता के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि माता-पिता के पालन-पोषण/परवरिश की भूमिका गतिशील है, जिसमें निरंतर बदलती जिम्मेदारियां होती हैं और यह कि विभिन्न पीढ़ियों की साझा समझ प्रभावी पेरेंटिंग के लिए लाभकारी होती है। उन्होंने बच्चों के सुखद जीवन के लिए मूल्यों को आत्मसात करने के महत्व पर बल दिया।

कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा छात्रों के भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य के निर्माण में पेरेंटिंग की महत्वपूर्ण भूमिका पर सत्र प्रस्तुत किए गए। श्री रोहित कुमार, व्यक्तिक विकास प्रशिक्षक, ने छात्रों की मानसिक और भावनात्मक आवश्यकताओं पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टियाँ दी। सुश्री सोनिया पिल्लई, कार्यकारी कोच और अंतर-व्यक्तिक कौशल प्रशिक्षक, ने माता-पिता और बच्चों के बीच मुक्त संवाद बनाए रखने की व्यावहारिक रणनीतियाँ साझा की। सरदार पटेल विद्यालय की प्रधानाचार्य, सुश्री अनुराधा जोशी, ने छात्रों की भावनात्मक आवश्यकताओं का समर्थन करने और बनाए रखने की महत्वपूर्ण रणनीतियाँ साझा की।

कार्यशाला का समापन एक रोचक प्रश्न-उत्तर सत्र के साथ हुआ, जहाँ प्राचार्यों को विशिष्ट चुनौतियों पर चर्चा करने और अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिला।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिकल्पित लक्ष्यों के अनुरूप, इस कार्यशाला द्वारा स्कूल नेतृत्वकर्ताओं को माता-पिता को एक रचनात्मक वातावरण बनाने में समर्थन देने के लिए ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान होने के साथ-साथ छात्रों के समग्र विकास के प्रति सीबीएसई की प्रतिबद्धता को और मजबूत मिली।

**सचिव, सीबीएसई**

**कार्यशाला की झलकियाँ:-**













****